भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 20
उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

**केंद्रीय विश्वविद्यालयों में वित्तीय संकट**

**†20 श्री यूसुफ पठान:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के विभिन्न केन्द्रीय विश्वविद्यालय पिछले पांच वर्षों से भारी वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं;
(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा सरकार और अन्य सहायक संस्थाओं से किए गए अनुरोध का ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान जेएनयू, जेएमआई, एएमयू, एचसीयू और डीयू को अलग-अलग स्वीकृत धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान इन केन्द्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक व्यय में उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
(**डॉ. सुकान्त मजूमदार**)
(क) और (ख): शिक्षा मंत्रालय "केंद्रीय विश्वविद्यालयों को अनुदान" योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को एकमुश्त अनुदान जारी करता है, जो बदले में प्रत्येक केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) को उनकी आवश्यकताओं, पिछले वर्षों में निधि के उपयोग आदि के आधार पर निधि आवंटित करता है। शिक्षा मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों को यूजीसी द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान जारी की गई निधि का ब्यौरा नीचे दिया गया है-

*रुपये करोड़ में*

| **वर्ष** | **जारी की गई निधि** |
|---|---|
| 2019-20 | 8,098.73 |
| 2020-21 | 8,735.58 |
| 2021-22 | 9,045.45 |
| 2022-23 | 11,379.86 |
| 2023-24 | 12,661.19 |

*जारी.../-*

(ग) और (घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), जामिया मिलिया इस्लामिया (जेएमआई), अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू), हैदराबाद विश्वविद्यालय (एचसीयू) और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के संबंध में संस्वीकृत और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

*रूपए करोड़ में*

| केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संस्वीकृत निधि | उपयोग की गई निधि | संस्वीकृत निधि | उपयोग की गई निधि | संस्वीकृत निधि | उपयोग की गई निधि | संस्वीकृत निधि | उपयोग की गई निधि | संस्वीकृत निधि | उपयोग की गई निधि |
| जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय | 416.57 | 416.57 | 373.52 | 373.52 | 407.47 | 407.47 | 517.97 | 509.61 | 594.50 | 528.87 |
| जामिया मिलिया इस्लामिया | 361.91 | 361.91 | 479.83 | 475.04 | 411.10 | 411.10 | 577.20 | 524.06 | 564.16 | 564.16 |
| अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय | 1180.00 | 1180.00 | 1520.10 | 1520.10 | 1214.63 | 1214.63 | 1584.29 | 1468.11 | 1575.48 | 1561.10 |
| हैदराबाद विश्वविद्यालय | 290.82 | 290.82 | 338.43 | 297.36 | 333.36 | 330.93 | 386.88 | 370.64 | 357.15 | 357.15 |
| दिल्ली विश्वविद्यालय | 607.80 | 607.80 | 628.92 | 628.92 | 670.13 | 670.13 | 812.43 | 812.43 | 955.29 | 955.29 |

***